भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3126

09 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

झारखंड मे एम्स

3126. श्री दुलू महतो:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार देश के सभी प्रमुख जिलों विशेषकर झारखंड के धनबाद जिले में एम्स की तर्ज पर सर्वोत्तम सुविधाओं वाले अस्पताल खोलने का है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा ऐसे अस्पतालों को खोलने के लिए जिला-वार क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): झारखंड में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अंतर्गत अनुलगनक में दी गई सूची के अनुसार देवघर स्थित एम्स सहित 22 अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अनुमोदित किए गए हैं। झारखंड के धनबाद जिले में नए एम्स की स्थापना का कोई प्रस्ताव नहीं है।

<u>दिनांक 09.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3126 के उत्तर के भाग (क) से (ग) में संदर्भित अनुलग्नक</u>

<u>अनुलग्नक</u>

<u>पीएमएसएसवाई के तहत अनुमोदित एम्स की सूची</u>

क्र. सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एम्स का नाम
1	आंध्र प्रदेश	एम्स, मंगलागिरी
2	असम	एम्स, गुवाहाटी
3	बिहार	एम्स, पटना
4		एम्स, दरभंगा
5	**छत्तीसगढ़**	एम्स, रायपुर
6	गुजरात	एम्स, राजकोट
7	हरियाणा	एम्स, रेवाड़ी
8	हिमाचल प्रदेश	एम्स, बिलासपुर
9	जम्मू और कश्मीर	एम्स विजयपुर, जम्मू
10		एम्स, अवंतीपोरा , कश्मीर
11	झारखंड	एम्स, देवघर
12	मध्य प्रदेश	एम्स, भोपाल
१३	महाराष्ट्र	एम्स, नागपुर
14	**ओडिशा**	एम्स, भुवनेश्वर
15	पंजाब	एम्स, भटिंडा
16	राजस्थान	एम्स, जोधपुर
17	तमिलनाडु	एम्स, मदुरै
18	तेलंगाना	एम्स, बीबीनगर
19	उत्तर प्रदेश	एम्स, रायबरेली
20		एम्स, गोरखपुर
21	उत्तराखंड	एम्स, ऋषिकेश
22	पश्चिम बंगाल	एम्स, कल्याणी

******